दिनांक : 07.12.2025 समय : 07.10पीएम

आकाशवाणी, भोपाल

सांध्यकालीन समाचार

**मुख्य समाचार :-**

- प्रदेश को नक्सलवाद के उन्मूलन में बड़ी सफलता, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में बालाघाट जिले में 10 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण।
- राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर कल लोकसभा में विशेष चर्चा होगी।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन पर भोपाल में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल से पूरे मंत्रिमंडल के साथ दो दिन खजुराहो में करेंगे सरकार का कामकाज।

-------------

**नक्सलवाद-मुख्यमंत्री**

प्रदेश को नक्सलवाद के उन्मूलन की दिशा में एक बड़ी सफलता मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में बालाघाट जिले में "पुनर्वास से पुनर्जीवन" कार्यक्रम के तहत 10 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, जिनमें 4 महिला नक्सली भी शामिल हैं। यह आत्मसमर्पण राज्य सरकार की नक्सल पुनर्वास नीति की प्रभावशीलता को दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य नक्सलवाद का पूर्ण उन्मूलन कर मध्यप्रदेश को नक्सलवाद-मुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि पुनर्वास नीति के माध्यम से भटके हुए लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने, उन्हें सम्मानजनक जीवन देने और समाज में पुनः स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त किया गया है।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020**

भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में रविवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन, चुनौतियों और संभावनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया, जबकि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को अधिक रोजगारपरक, नवाचार उन्मुख और भारतीय मूल्यों से जोड़ना रहा। कार्यशाला में एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे न्यू-एज स्किल्स, शैक्षणिक संस्थाओं की सामाजिक जिम्मेदारी और नीति के बेहतर क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई।

**लोकसभा-विशेष चर्चा**

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर कल लोकसभा में विशेष चर्चा शुरू होगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा में इस चर्चा की शुरुआत

करेंगे। पिछले सप्ताह इस बारे में जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया था कि पूरे दिन की चर्चा दोपहर 12 बजे शुरू होगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि 8 दिसंबर को वंदे मातरम पर चर्चा और 9 दिसंबर को चुनाव सुधारों पर बहस होगी।

## ईसीआई - एसआईआर डेटा

चुनाव आयोग ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण- एसआईआर के दूसरे चरण की शुरुआत के बाद से ही मतदाताओं के बीच 50 करोड़ 94 लाख से ज़्यादा गणना फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं। ग्वालियर से हमारे संवाद डाटा ने बताया कि जिले में अब तक 94.74 प्रतिशत गणना पत्रक डिजिटाइज्ड हो चुके हैं।

## समीक्षा-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ कल से दो दिन खजुराहो में रहकर सरकार का कामकाज करेंगे। इस दौरान विभिन्न विभागों की समीक्षा और मंगलवार को कैबिनेट बैठक होगी। मुख्यमंत्री राजनगर में लाड़ली बहना सम्मेलन में शामिल होकर 1 करोड़ 26 लाख से अधिक बहनों के खातों में दिसंबर माह की राशि अंतरित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन, सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण और हितलाभ वितरण भी किया जाएगा।

## पर्यावरण

भोपाल में सार्वजनिक परिवहन को पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में एक अहम पहल की जा रही है। राजधानी से पहली बार इलेक्ट्रिक इंटरसिटी बस सेवा शुरू होने जा रही है। अमृत मिशन के तहत भोपाल को 22 नई इलेक्ट्रिक बसें मिली हैं, जिन्हें इंदौर, उज्जैन और सागर रूट पर संचालित किया जाएगा। इनमें इंदौर के लिए 12, उज्जैन के लिए 6 और सागर रूट के लिए 4 इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं।

## हवाई अड्डा-दिल्ली

दिल्ली हवाई अड्डे ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे हवाई अड्डे पर जाने से पहले अपनी एयरलाइन से उड़ान की नवीनतम स्थिति की जांच कर लें, क्योंकि इंडिगो की उड़ानों में अभी भी देरी हो सकती है। दिल्ली हवाई अड्डे ने एक परामर्श जारी कर कहा कि उनकी टीमें देरी को कम करने और सुगम यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रही हैं।

## सांसद खेल महोत्सव

आज सतना लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव-2025 के अंतर्गत विभिन्न खेल आयोजनों का आयोजन किया गया। रामपुर बघेलान के सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम,

मनकहरी में क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया। सांसद गणेश सिंह ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव का मेगा फाइनल 25 दिसंबर को दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम सतना में आयोजित किया जाएगा।

**'रन भोपाल रन'**

राजधानी भोपाल में स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आज 11वां 'रन भोपाल रन' आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों सहित हजारों लोग शामिल हुए। टीटी नगर स्टेडियम से शुरू हुई इस दौड़ को चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 'दौड़ हिंदुस्तान के दिल के लिए' टैगलाइन के साथ आयोजित इस कार्यक्रम के जरिए फिटनेस, स्वच्छ भारत, पर्यावरण संरक्षण, कार्बन फुटप्रिंट कम करने, जीरो वेस्ट, अंगदान, तंबाकू निषेध और रीयूज-रिड्यूस-रिसाइकिल का संदेश दिया गया। 21 किलोमीटर हाफ मैराथन, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर श्रेणियों में आयोजित दौड़ के दौरान शहर में उत्साह और ऊर्जा का माहौल रहा, वहीं प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प भी लिया।

**मौसम**

प्रदेश में कड़ाके की ठंड का असर बढ़ गया है। इस मौसम में पहली बार प्रदेश में तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। राजधानी भोपाल और इंदौर सहित प्रदेश के 26 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। आज भोपाल, सीहोर और राजगढ़ में, जबकि कल भोपाल, राजगढ़, शाजापुर, सीहोर, सिवनी और शहडोल में कोल्ड वेव चलने की संभावना जताई गई है।

**समाचार संक्षेप में :-**

ऽ भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह और सहायक आबकारी आयुक्त वीरेंद्र धाकड़ के मार्गदर्शन में कल रात पिपलानी, क्षेत्र से 11 पेटी मीडियम एवं हाईरेंज की अवैध विदेशी शराब जब्त की है। जिसकी कीमत करीब एक लाख 30 हजार रुपए है।

ऽ जबलपुर के मदनमहल स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के बाद पटरी पार कर रहे छह लोग मालगाड़ी की चपेट में आ गए। इनमें से एक महिला और बच्चे की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

ऽ पुरुष हॉकी में, आज केपटाउन में तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। यह मैच रात साढे आठ बजे से खेला जाएगा।

-------------